देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 14.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी पर राष्ट्रीय खेलों का लोगो लगाकर उत्तराखंड आने वाले खिलाड़ियों का स्वागत करने की अपील की।
- प्रयागराज महाकुंभ का शाही स्नान आज से शुरू, महाकुंभ के पहले दिन कल त्रिवेणी संगम में डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड की मिशन निदेशक स्वाति एस. भदौरिया ने राज्य में आयुष्मान आरोग्य केंद्रों की सेवाओं में सुधार करने के निर्देश दिये।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कल होने वाली यूजीसी–नेट परीक्षा दिसंबर 2024 स्थगित की, सोलह जनवरी की परीक्षा तय कार्यक्रम अनुसार होगी।

मुख्यमंत्री अपील

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के बीच प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी पर राष्ट्रीय खेलों का लोगो लगाकर खिलाड़ियों का स्वागत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश को विशेष पहचान मिलेगी और यह अतिथि देवो भवः की संस्कृति को बढ़ावा देगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलों में शामिल होने के लिय प्रदेशभर में लगभग दस हजार खिलाड़ी देशभर से आने वाले हैं।

प्रयागराज महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शुरू हुए विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम–महाकुंभ में पहले दिन एक करोड़ पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पौष पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों और आगंतुकों ने त्रिवेणी संगम के विभिन्न घाटों पर स्नान किया। हेलीकॉप्टरों से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की गई। मकर सक्रांति के अवसर पर महाकुंभ का आज पहला शाही स्नान है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु, शाही स्नान के लिये प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

इस बीच, प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिये टिहरी जलाशय से पर्याप्त जल आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से बताया कि टिहरी झील में पर्याप्त पानी उपलब्ध है और वर्तमान में 150 क्यूमेक्स स्वच्छ जल की आपूर्ति महाकुंभ के लिये सुनिश्चित की जा रही है।

## मकर सक्रांति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति और उत्तरायणी पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यदेव की उपासना, दान एवं धर्म परायणता का यह पर्व लोगों के जीवन में उत्साह और उमंग का संचार करता है। यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।

## उच्च न्यायालय–रोक

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने निजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों में सत्र 2017–18 और 2018–19 के छात्रों के लिए बढ़ी हुई ट्यूशन फीस लागू करने पर रोक लगा दी है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। अदालत के आदेश के अनुसार, अब छात्रों को बढ़ी हुई ट्यूशन फीस नहीं देनी होगी। फीस जमा न करने के कारण जिन छात्रों को एनओसी नहीं मिली थी और जो इंटर्नशिप नहीं कर पा रहे थे, उन्हें अब राहत मिलेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि शुल्क नियामक आयोग की 4 अप्रैल 2019 को हुई बैठक में निर्धारित नई ट्यूशन फीस केवल सत्र 2019–20 से लागू होगी।

## नगर निकाय निर्वाचन– बैठक

नगर निकाय निर्वाचन के तहत देहरादून स्थित राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय में सामान्य प्रेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। आयुक्त सुशील कुमार ने तैनात प्रेक्षकों को स्थानीय निकायों की सामान्य जानकारी साझा करते हुए आदर्श आचार संहिता, प्रत्याशियों द्वारा अधिकतम व्यय की सीमा, मतदान और मतगणना आदि की सामान्य जानकारी देने के साथ ही मतदान प्रक्रिया में प्रेक्षकों की भूमिका के बारे में बताया। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग सचिव राहुल कुमार गोयल ने सामान्य प्रेक्षकों की ब्रीफिंग में राजनीतिक दलों और उनके चुनाव चिन्हों सहित जिलों में मतदाताओं की संख्या की जानकारी उपलब्ध करायी।

## मैठाणा गांव–सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर कीवी प्रोडक्शन

चमोली जिले के मॉडल विलेज मैठाणा को कीवी उत्पादन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की कवायद शुरू हो गई है। मैठाणा गांव की एक हेक्टेयर कृषि भूमि पर कीवी के पौधे लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। यहां कुल 532 कीवी के पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए भूमि पर मजबूत ट्रेलिस सिस्टम तैयार किया गया है, जिसमें कीवी का अच्छा उत्पादन होगा। साथ ही यहां पर कैन्डुल पुष्प की इंटर क्रॉपिंग भी की जा रही है, जिससे किसानो को दोहरा लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कीवी पौधरोपण करते हुए गांव के अन्य किसानों को भी कीवी उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। जिला प्रशासन की ओर से किसानों को हर संभव सहयोग देने की बात कहने हुए जिलाधिकारी ने कृषकों को कीवी के अलावा मशरूम, बागवानी, हर्बल नर्सरी और अन्य सब्जियों के उत्पादन से जुड़ने का आह्वान किया।

<u>समीक्षा</u>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड की मिशन निदेशक स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के लिये देहरादून में राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मिशन निदेशक ने आयुष्मान आरोग्य केंद्रों की सेवाओं में सुधार करने के निर्देश दिये। साथ ही गंभीर एनीमिया मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। श्रीमती भदौरिया ने टीबी उन्मूलन अभियान के तहत मरीजों की स्क्रीनिंग करने और उनका डेटा निक्षय पोर्टल अंकित करने के निर्देश भी दिये।

<u>नेट परीक्षा स्थगित</u>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने बुधवार को होने वाली यूजीसी–नेट परीक्षा दिसंबर 2024 स्थगित कर दी है। एजेंसी ने कहा कि उसे 15 जनवरी को पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहारों के कारण परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। एनटीए ने कहा कि सोलह जनवरी को होने वाली परीक्षा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

<u>सड़क सुरक्षा</u>

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये हैं। क्लेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुये जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात के लिए सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा। उन्होंने ग्रीष्मकालीन चारधाम यात्रा से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी चिन्हित अतिक्रमण को हटाने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि खराब सड़क होने के कारण यदि कोई भी दुर्घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की रहेगी और उसके खिलाफ कडी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान सामने आया कि लोक निर्माण विभाग थराली और कर्णप्रयाग के सहायक अभियंता की ओर से दुर्घटना स्थलों पर सुरक्षा कार्यों की गलत जानकारी दी गई है। इस पर जिलाधिकारी ने दोनों सहायक अभियंता का स्पष्टीकरण तलब करते हुए विभागीय स्तर से उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

<u>यूसीसी डैश बोर्ड प्रशिक्षण</u>

चम्पावत में समान नागरिक संहिता– यूसीसी डैशबोर्ड के पंजीकरण से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने पंजीकरण प्रक्रिया और दस्तावेजों की जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों को यूसीसी आईडी अनिवार्य रूप से बनवाने पर जोर दिया।

गोट वैली योजना की समीक्षा

चमोली के जिलाधिकारी ने थराली में गोट वैली योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई है। पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुये उन्होंने अधिकारियों को इस योजना की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशुपालन अधिकारी को इसी सप्ताह थराली जाकर गोट वैली में किये गये कार्यों की जांच करने और जिलासू में हैचरी का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में हरिद्वार और ऋषिकेश कॉरिडोर परियोजना पर तेजी से कार्य चल रहा है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने शीर्षक दिया है– गंगा कॉरिडोर परियोजना पर आगे बढी सरकार, हरिद्वार और ऋषिकेश में दोनों परियोजनाओं पर संबंधित एजेंसी के अलावा आम जनता से भी लिए जाएंगे सुझाव।

उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों में 10वीं में अब पांच नहीं 10 विषय होंगे अनिवार्य। अमर उजाला इस शीर्षक के साथ लिखता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा का ड्राफ्ट तैयार किया गयइं

प्रदेश के 8 लोग नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि होंगे– अमर उजाला के अनुसार इन सभी लोगों ने वन औरवन्यजीव संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है और इन सभी को दिल्ली के स्मारक भी दिखाए जाएंगे।

प्रदेश में होने जा रहे निकाय चुनाव के प्रचार की खबरों को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। दैनिक जागरण लिखता है– नगर निकाय चुनाव में मोर्चे पर मुख्यमंत्री धामी। हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है– ट्रिपल इंजन से दौड़ेगा विकास का पहिया। टिहरी के चंबा और सेलाकुईं में जनसभा को किया संबोधित, प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट।

और, देहरादून पुलिस ने बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है– दैनिक जागरण लिखता है– दो साल के अपने ही भांजे का अपहरण कर आरोपी ने दो लाख में बेचा, चार लोग गिरफ्तार, अन्य बच्चों की तलाश में जुटी पुलिस।